कवायद | अडानी और माइक्रोसॉफ्ट ने नोएडा में खरीदी जमीन, हीरानंदानी ग्रुप, नेटमैजिक सर्विस, एसटीटी ग्रुप को जमीन जल्द

# अडानी व माइक्रोसॉफ्ट नोएडा में स्थापित करेंगे डाटा सेंटर

अमर उजाला ब्यूरो

**सीएम के निर्देश, आईटी सेक्टर में निवेशकों की सभी आवश्यक औपचारिकताएं तेजी से पूरी करें**

लखनऊ। गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जल्द ही देश में नए आईटी इलेक्ट्रॉनिक्स औद्योगिक हब के रूप में विकसित होगा। माइक्रोसॉफ्ट 1800 करोड़ रुपये के निवेश से सॉफ्टवेयर पार्क और डाटा सेंटर स्थापित करेगा। अड़ानी ग्रुप भी नोएडा में 2500 करोड़ की लागत से डाटा सेंटर पार्क स्थापित करेगा। वहीं कई राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनियां डाटा सेंटर की स्थापना करने जा रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को आयोजित टीम-9 की बैठक में नोएडा में विभिन्न औद्योगिक समूहों तथा आईटी कंपनियों के डाटा सेंटर की स्थापना से जुड़ी औपचारिक कार्यवाही जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण नीति-2017 के तहत दी जा रही रियायतों के चलते 30 बड़े निवेशकों ने आईटी सेक्टर में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने के एमओयू किए थे। सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में स्थित नोएडा, ग्रेटर नोएडा तथा यमुना एक्सप्रेस क्षेत्र को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग जोन घोषित किया है। चीन, ताइवान तथा कोरिया की प्रतिष्ठित कंपनियां यूपी में प्लांट स्थापित कर रही हैं।



नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने माइक्रोसॉफ्ट को सेक्टर 145 में 60 हजार वर्गमीटर भूमि आवंटित कर दी। इस भूमि पर जल्द ही 1800 करोड़ के निवेश से माइक्रोसॉफ्ट का सॉफ्टवेयर पार्क और डाटा सेंटर स्थापित होगा। इस प्रोजेक्ट में 3500 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा अथॉरिटी ने अडानी ग्रुप को शहर के सेक्टर-62 में 34,275 वर्ग मीटर का प्लॉट और नोएडा के ही सेक्टर-80 में अडानी इंटरप्राइजेज को 39,146 वर्ग मीटर जमीन अलॉट की गई है। कंपनी 2500 करोड़ की लागत से प्लॉट पर एक वर्ल्ड क्लास डाटा सेंटर स्थापित स्थापित करेगी। इसमें 2,350 लोगों को रोजगार मिलेगा। नोएडा अथॉरिटी ने एमए क्यू इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को 16,350 वर्ग मीटर का बड़ा प्लॉट आवंटित किया है। कंपनी 250 करोड़ की लागत से एक आईटी प्रोजेक्ट लगाएगी।

मुख्यमंत्री ने हीरानंदानी ग्रुप, एसएस टेलीमीडिया, नेटमैजिक सर्विस, एसटीटी प्राइवेट लिमिटेड तथा अग्रवाल एसोसिएट लिमिटेड को भी डाटा सेंटर के लिए जमीन आवंटित करने के निर्देश दिए हैं।